# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 22 दिसम्बर, 2016/ 1, पौष, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 19**

----

### सब्जी मण्डी सोलन

**1520 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सब्जी मण्डी सोलन के भवन का पहला, दूसरा व तीसरा शिलान्यास व उद्घाटन कौन-कौन सी तारीख को किस-किस के द्वारा किस-किस भवन का किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) इन भवनों पर कितना-कितना व्यय किया गया व प्रतिवर्ष सब्जी मण्डी सोलन में कितना टर्नओवर होता है; ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि सब्जी मण्डी के मुख्य द्वार पर एक उद्घाटन पट्टिका लगी है और उसके साथ माननीय मुख्य मंत्री जी की बड़ी फोटो लगी है; यदि हां, तो वह किस का उद्घाटन हुआ है; और

(घ) यह भी सत्य है कि प्रदेश में उद्घाटन पट्टिका के साथ फोटो लगाने का चलन नहीं है; यदि हां, तो यहां पर विशाल फोटो क्यों लगाई गई है; ब्यौरा दें?

----

## Government Senior Secondary School Dand

1521 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that GSSS Dand in district Chamba has been designated as Model GSSS;

(b) whether the land for construction of building has been identified and transferred to the Education Department; and

(c) what is the latest position of the same?

----

## Fire Station Banikhet

1522 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the land for construction of fire station at Banikhet (Dalhousie), district Chamba has been identified ; and

(b) what steps have been taken by the Department to transfer the land for the same?

----

## Dhar-Kilod Road

1523 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the DPR for construction of road to Village Dhar-Kilod in Sub-Division Bhalai under HPPWD (B&R) Division Salooni has been prepared; and

(b) what is the latest position of the Project?

----

## पाठशालाओं की स्थापना

1524 **श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई पाठशालाएं खोली गईं, ब्यौरा नाम व पंचायतवार दें; और

(ख) सरकारी स्कूलों में Annual Function करना क्या अनिवार्य है; ब्यौरा दें?

----

## सराय का निर्माण

1525 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू के जिला अस्पताल के साथ लगती भूमि पर हनोगी माता ट्रस्ट ने सराय का निर्माण किया है तथा इस सराय का नियन्त्रण जिलाधीश मण्डी के पास है;

(ख) यह भी सत्य है कि यहाँ मरीजों के साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से आए परिचारक एवं गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसूति से पूर्व ठहरने के लिए कहीं भी सुविधा नहीं है और इन क्षेत्रों से कुल्लू अस्पताल में प्रसूति के दिन ही पहुंचना पड़ता है; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार सराय का नियन्त्रण जिलाधीश कुल्लू के पास रखने का विचार रखती है; ताकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा चिकित्सा अधीक्षक की अनुशंसा पर इस सराय में ऐसी महिलाओं तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को आवास सुविधा मिल सके?

----

## ईको पार्क की स्थापना

1526 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू में गांव कसोल के वन विश्राम गृह के परिसर में वन भूमि को पर्यटन विभाग ने बिना वन विभाग की अनुमति से इजराइल मूल के निवासी को अवैध रूप से लीज पर दिया है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या कारण है कि लीज अवधि समाप्त होने के बावजूद भी विभाग द्वारा इस भूमि को कब्जे में नहीं लिया गया; इस संदर्भ में की गई कार्रवाई की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार क्या इस भूमि पर ईको पार्क की स्थापना करने का विचार रखती है ?

----

## वाटर शैड योजना

1527 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी पंचायतें वाटर शैड योजना में चयनित की गई हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक चयनित पंचायतों में से कितनी पंचायतों को धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

## पेयजल योजनाएं

1528 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश में कितनी पेयजल योजनाओं के संचालन, रख-रखाव का कार्य प्राइवेट ठेकेदारों/फर्मों को दिया गया; ब्यौरा योजनाओं के नाम, पते एवं ठेकेदारों के नाम, पते सहित दें;

(ख) यह कार्य ठेकेदारों को कितनी-कितनी अवधि तथा कितनी-कितनी ठेका धनराशि पर दिया गया; Agreements की प्रतियां सभा पटल पर रखें;

(ग) जब यह योजनाएं बनाई गई तो कुल लागत कितनी थी; किस वर्ष चालू हुई; ब्यौरा योजनावार दें; और

(घ) इन योजनाओं में कुल कितने Skilled/Non-Skilled व्यक्ति रखे गए हैं; योजनावार ब्यौरा दें?

----

## पशुधन की गणना

1529 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में पशुधन की गणना की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा पंचायतवार पशुओं की संख्या/नस्ल सहित दें;

(ख) कितना पशुधन सड़कों या अन्य स्थानों पर आवारा पाया गया; ब्यौरा दें;

(ग) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से दिनांक 30.11.2016 तक प्रदेश में कितने गौ सदन कहां-कहां बनाए गए व उन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(घ) इन गौ सदनों में कितने पशु रखे गये हैं; उनको कितना चारा कहां-कहां से किस-किस दर में क्रय किया गया है; ब्यौरा राशि का वर्षवार/गौ सदनवार दें ?

----

## बागवानी हेतु धनराशि

1530 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)**:

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश को भारत सरकार/विदेशों से कितनी-कितनी धनराशि के Packages बागवानी हेतु प्राप्त हुए; ब्यौरा धनराशि सहित दें;

(ख) दिनांक 30.11.2016 तक विभाग द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा प्रत्येक मद और उसकी कीमत का जिलावार व वर्षवार बागवानों को दी गई सहायता सहित दें;

(ग) इसमें क्या विदेशों से क्रय किए गए पौधे शामिल हैं; यदि हां, तो किस-किस किस्म के पौधे क्रय किए गए; ब्यौरा क्रय मूल्य/विक्रय मूल्य व जिलावार आबंटन का वर्षवार दें; और

(घ) वर्तमान में कितनी जमीन पर पौध-रोपण शेष है; इस बारे सरकार ने कोई Master Plan बनाया है; प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## पंचायत वार्ड का पुनर्सीमांकन

1531 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पंचायतों में ऐसे कितने वार्ड हैं जिन्हें सीमांकन के उपरान्त दूसरी पंचायतों में बदला गया है; विवरण दें; और

(ख) सरकार द्वारा IRDP के लोगों को दूसरी पंचायतों के वार्डों में IRDP में ही डाला गया है या नहीं; ब्यौरा दें ?

----

## विज्ञान संकाय की कक्षाएं

1532 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विज्ञान संकाय की कक्षाएं नहीं चल रही हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन पाठशालाओं में विज्ञान संकाय की कक्षाएं कब तक आरम्भ कर दी जाएंगी; ब्यौरा दें ?

----

## पेयजल व्यवस्था

1533 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने गांव में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## हैण्डपम्प की स्थापना

1534 **डॉ0 राजीव सैजल (कसौली)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने हैण्डपम्प स्थापित किए गए; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) हैण्डपम्प कहां-कहां स्थापित किए गए; ब्यौरा दें?

----

## सड़क मरम्मत

1535 **डॉ0 राजीव सैजल (कसौली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत, पैचवर्क व टारिंग हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा सड़कवार दें?

----

## आपराधिक मामले

1536 **डॉ0 राजीव सैजल (कसौली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पुलिस थानों में अपराध के कितने मामले दर्ज़ हुए; ब्यौरा दें?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

1537 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरीपुर, बरोटीवाला, साई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चण्डी व बद्दी में डॉक्टरों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा केन्द्रवार दें?

----

## सड़क/भवन/पुल निर्माण

1538 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सड़कों, भवनों व पुलों पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा मदवार सड़क, पुल, भवन का वर्षवार दें?

----

**शिमलाः** 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 6 दिसम्बर, 2016.** **सचिव।**